आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 13.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- स्वतंत्रता दिवस और आज पोर्ट ब्लेयर में आयोजित होने वाले फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए यातायात प्रबंध किए गए है।
- अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने के सिलसिले में नागरिकों को आज से पन्द्रह अगस्त तक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक राष्ट्रव्यापी पहल के रूप में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है।
- आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल ने महिलाओं से अपनी कौशल का सही इस्तेमाल करते हुए स्वावलंबी बनने का अनुरोध किया है।
- डेरीफार्म जंक्शन से भातुबस्ती जंक्शन तक रात के समय हाई बीम का इस्तेमाल न करने के संबंध में यातायात पुलिस ने परामर्श जारी किया है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस और आज पोर्ट ब्लेयर में आयोजित होने वाले फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए यातायात प्रबंध किए गए हैं। उप–राज्यपाल के वाहन सहित पी–ग्रीन कार्डधारकों को नेताजी स्टेडियम के भीतर पार्किंग करने की व्यवस्था की गई है। पी–पिंक कार्डधारकों को अंडमान क्लब और नेताजी स्टेडियम के नजदीक अपने वाहन पार्क करने होंगे। पी–कार्डधारक वाहनों को सुबह साढ़े आठ बजे तक समारोह स्थल पर पहुंचना होगा। मुख्य अतिथि के जाने के बाद पी–कार्डधारक वाहनों को स्काउट हट जंक्शन और अनिडको कार्यालय के रास्ते अपने गंतव्य की ओर रवाना होना होगा। पी–वन पार्किंग लेबल वाले वाहनों को मॉडल स्कूल और घंटाघर होकर नेताजी स्टेडियम में आने की अनुमति होगी। बिना पार्किंग लेबल के सभी वाहनों को जल–क्रीड़ा परिसर के नजदीक और गर्ल्स स्कूल पार्किंग पर वाहन खड़े करने होंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, बंगाली क्लब, गोलघर, सचिवालय जंक्शन, पुलिस लाईन और नया गांव के रास्ते जाने की अनुमति होगी। आज और पन्द्रह अगस्त को सुबह सात बजे से दिन में ग्यारह बजे तक किसी भी भारी वाहन, निजी और एस टी एस के बसों को सेल्युलर जेल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी और इन्हें बंगाली क्लब से अन्य मार्गों की ओर भेजा जाएगा।

साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाजार आने वाले वाहनों को शादीपुर, पुलिस लाईन और गोलघर के रास्ते आना होगा। सुबह साढ़े आठ बजे के बाद किसी भी वाहन को वाई नारायण जंक्शन, आर के मिशन, फायर ब्रिगेड और जल क्रीड़ा जंक्शन से समारोह स्थल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। जी बी पंत अस्पताल जाने वाले वाहनों को गांधी स्टैच्यू, मरीन गेट, सिष्टी नगर, डिगनाबाद, सी–शोर मार्ग से अस्पताल के बाहरी गेट से प्रवेश करने दिया जाएगा। बंगाली क्लब से घंटाघर, जिमखाना क्रॉसिंग, राउंड बस्ती होते हुए भी अस्पताल जाने के लिए व्यवस्था की गई है। एम्बुलेंस और आपात सेवा के वाहनों को ही वाई. नारायण जंक्शन, सेल्यूलर जेल के रास्ते अस्पताल जाने की अनुमति होगी। अबरडीन जेट्टी से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप, नॉर्थ बे के लिए संचालित होने वाले निजी पर्यटक जलयानों को आज और पन्द्रह अगस्त को जंगलीघाट जेट्टी से संचालित करना होगा।

<><><><><><><>

अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस को उत्साहपूर्व मनाने के सिलसिले में भारत सरकार ने नागरिकों को आज से पन्द्रह अगस्त तक अपने घरों में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक राष्ट्रव्यापी पहल के रूप में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य भारत के अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाना और देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देना है। नागरिकों को आज से पन्द्रह अगस्त तक अपने घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के इस तीसरे संस्करण को द्वीपसमूह में एक जन आंदोलन बनाने के लिए, अंडमान और निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव केशव चंद्र ने कल सचिवालय में नगरपालिका परिषद सचिव अज़हरुद्दीन ज़हीरुद्दीन काजी, और ग्रामीण विकास निदेशक शिव सिंह मीना को इसके आगे के प्रचार और वितरण के लिए राष्ट्रीय तिरंगा सौंपकर अभियान का नेतृत्व किया। संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए लगभग साठ हजार राष्ट्रीय ध्वज नगरपालिका परिषद् के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों और द्वीपसमूह के आदिवासी गांवों के घरों में वितरित किए जाने हैं। राष्ट्रीय ध्वज स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है, घरों और सार्वजनिक स्थानों पर ध्वज फहराना राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा अभियान' का लक्ष्य भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय समुदायों में देशभक्ति और एकता की गहरी भावना को बढ़ावा देना है। नौ अगस्त से शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान पन्द्रह अगस्त तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल ने महिलाओं से अपनी कौशल का सही इस्तेमाल करते हुए स्वावलंबी बनने का अनुरोध किया है। कल पोर्ट ब्लेयर में भारतीय स्टेट बैंक की ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान में सिलाई पर महिलाओं के लिए आयोजित एक माह के उद्यमिता विकास कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वे अपने विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने प्रशिक्षुओं को भारत सरकार द्वारा स्वरोज़गार और कौशल विकास के लिए शुरू की गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उनसे इन योजनाओं का लाभ उठाने और खुद को बेहतर कौशल प्रदान करने तथा आत्मनिर्भर बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद वे हर हालात से पार पाने मे सक्षम है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी, तो उनमे आत्मविश्वास बढ़ेगा। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए आरसेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि द्वीपों में दो हजार आठ में इसकी स्थापना की गई थी और अब तक एक सौ बहत्तर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। साढ़े छः हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें से साठ से सत्तर प्रतिशत महिलाओं ने अपना कारोबार भी शुरू किया है। इस अवसर पर आरसेती के निदेशक आर. राज ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान आवेदन कर चुकी पांच प्रशिक्षणार्थियों को एक–एक लाख रूपये की मुद्रा ऋण की स्वीकृति चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुछ प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने विचार रखे। दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त और ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि थे।

<><><><><><><>

डेरीफार्म जंक्शन से भातुबस्ती जंक्शन तक रात के समय हाई बीम का इस्तेमाल न करने के संबंध में यातायात पुलिस ने परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि ये क्षेत्र वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नजदीक है और रात के समय वाहन चालकों द्वारा हाई बीम का इस्तेमाल करने से पायलट को देखने में असुविधा हो सकती है, विशेषकर विमान के उतरने और उड़ान भरने के दौरान। किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए सभी वाहन चालकों से कहा गया है कि वे रात के समय इस मार्ग पर हाई बीम का इस्तेमाल न करें। परामर्श का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। पहली गलती पर पांच सौ रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोगों से परामर्श का पालन करने और सहयोग करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी में अनुबंध के आधार पर होने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची सोसाइटी के सूचना पट्ट के अलावा वेबसाइट पर भी जारी कर दी गई है। चयनित उम्मीदवारों को सोलह अगस्त सुबह साढ़े नौ बजे साक्षात्कार के लिए स्वास्थ्य सेवा निदेशक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के प्रशासनिक अधिकारी से फोन पर संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

मिशन कर्मयोगी के तहत इक्कतीस लाख सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और अमृत ज्ञान कोष एवं फैकल्टी डेवलम्पमेंट पोर्टल लौन्च करने के समाचार को– डेली टेलीग्राम्स ने अपनी पहली खबर बनाया है। ज़िला प्रशासन द्वारा अतिक्रमरोधी अभियान चलाते हुए रंगाचांग और बिडनाबाद गांव में सरकारी राजस्व भूमि पर अवैध ढ़ाचों को हटाए जाने के समाचार को–द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी एड डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आज से ऑनलाईन आवेदन मांगे जाने के समाचार को–इंफो इंडिया ने जबकि ओलम्पिक से जुड़े समाचार को–द इको ऑफ इंडिया ने अपने अंतिम पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>